


## एक नजर में

### यशिका मिश्रा ने यूनिवर्सिटी में किया टॉप

**सारंगपुर 23 अगस्त, का.** सारंगपुर की प्रतिभाशाली बेटी सुश्री यशिका मिश्रा ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि से सारंगपुर सहित पूरे राजगढ़ जिले का नाम गौरवान्वित किया है. यशिका मिश्रा ने डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर से भाषा विज्ञान विषय में एम.ए. की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया. इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर रविवार को सारंगपुर के सेवा सदन कार्यालय में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल ने यशिका मिश्रा का अभिनंदन एवं सम्मान किया. इस अवसर पर उनके पिता रजनीश मिश्रा सहित उपस्थितजनों ने भी यशिका को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं.

### शेष किसानों की फार्मर आईडी बनाने के निर्देश



**राजगढ़ 22 अगस्त, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा शनिवार को राजस्व अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की गई. समीक्षा के दौरान जिले में शेष किसानों की फार्मर आईडी बनाए जाने की प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष कैंप आयोजित करने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करें तथा शेष किसानों की अधिक से अधिक फार्मर आईडी बनाना सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण से पूर्व फार्मर आईडी से वंचित किसानों की सूची संबंधित ग्रामों में प्रकाशित कराई जाए, ताकि पात्र किसान निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपनी आईडी बनवा सकें. उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित भ्रमण एवं कैंप के दौरान किसानों को फार्मर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित किया जाए. इसके लिए कृषि विस्तार अधिकारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं पटवारी संयुक्त रूप से डोर-टू-डोर सर्वे कर शेष सभी किसानों की फार्मर आईडी बनाना सुनिश्चित करे.

### शून्य प्रगति वाले पटवारियों पर होगी कार्यवाही

**राजगढ़ 23 अगस्त, का.** कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने समीक्षा के दौरान शेष खसरा नंबरों को बकेटिंग में जोड़ने के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जिन पटवारियों की प्रगति शून्य है, उनके विरुद्ध नियमानुसारअनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए. साथ ही आगामी समीक्षा बैठक तक कार्य में संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों से कहा कि फार्मर आईडी बनाने एवं बकेटिंग से संबंधित कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाए, ताकि जिले के अधिक से अधिक पात्र किसानों को शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सके.

# कम बारिश से हैण्डपंपों के जल स्तर में खेंच

## कमजोर मानसून का असर भूमिगत जलस्तर पर भी, बारिश का पानी गहराई में पहुंचाने रिचार्ज सॉफ्ट संरचना की दरकार

**हैण्डपंपों का जल स्तर अभी भी 15 से 20 एवं 25 मीटर तक नीचे बना हुआ**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 23 अगस्त, का. कमजोर मानसून और बारिश के बीच वर्तमान में कुंऐ व तालाब, डेम लबालब नहीं भर पाए है. इसका सीधा असर हेण्डपम्पों के जल स्तर पर पड़ रहा है. हैण्डपंपों का जल स्तर अभी भी 15 से 20 एवं 25 मीटर तक नीचे बना हुआ है. ऐसी स्थिति में औसत बारिश होने के बावजूद ग्रीष्मकाल के दिनों में जल संकट की स्थिति के हालातों से गुजरना पड़ सकता है, इस समस्या के स्थाई हल हेतु बारिश का पानी 40 से 50 फीट की गहराई पर मौजूद चट्ठानों से नीचे तक पहुंचाने रिचार्ज सॉफ्ट संरचना की दरकार है.**

विदित है कि आज दिनांक को जिले ने अपने 1100.7 एमएम औसत वर्षा का आंकड़ पार कर लिया है. जिले की कुल औसत वर्षा 1117.3 एमएम हो चुकी है. कुंओ का जल स्तर जमीनी सतह से जीरों लेवल पर आ गया है. अनेक जगह कुंओ से पानी बाहर बहने लगा है. डेम, तालाब, नदियां लबालब हो गये है. परन्तु हेण्डपम्पों का जल स्तर अभी भी 15 से 20 मीटर नीचे ही है. इसके पीछे का मुख्य कारण 40 से 50 फीट पर जमीन में काली चट्ठान का होना बताया जाता है जहां तक बारिश का पानी पहुंचना बहुत जरुरी है ताकि जमीन की गहराई तक जल संवर्धन हो सके.

### क्या है रिचार्ज सॉफ्ट संरचना

रिचार्ज सॉफ्ट संरचना एक ऐसा विकल्प है जिसके माध्यम से बोर खनन कर बारिश का पानी 40 से 50 फीट नीचे चट्ठानों को तोड़कर पहुंचाया जा सकता है. जिससे जमीन की गहराई तक बारिश के पानी का संवर्धन होकर वह ग्रीष्मकाल में काम आ सके. रिचार्ज सॉफ्ट संरचना, तालाब के वेस्ट वेयर, स्टॉप डेम, चेक डेम आदि के समीप स्थापित किए जाते है.

**सर्वाधिक जल स्तर ब्यावरा में** -लोक निर्माण यांत्रिकी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश जगह कुंओ का जल स्तर जमीनी सतह से जीरों पर आ गया है. जबकि जिले में विभिन्न स्थानों पर जमीनी स्तर से हैण्डम्पों का जल स्तर वर्तमान में इस प्रकार है. ब्यावरा में 17 से 18 मीटर, राजगढ़ 20 मीटर, नरसिंहगढ़ 26 से 27, सारंगपुर में 28 से 30 मीटर, खिलचीपुर एवं जीरापुर में 18 से 22 मीटर पर जल स्तर है.

### रिचार्ज सॉफ्ट संरचना से संभव

भूजल विशेषज्ञों के अनुसार जिले सहित मालवा क्षेत्र में 40 से 50 फीट गहराई पर चट्ठान के रुप में काला पत्थर होना बताया जाता है. जिसे बोर खनन कर तोड़कर नीचली सतह तक बारिश का पानी पहुंचाना अति आवश्यक है. इसके लिए बोर के द्वारा की जाने वाली रिचार्ज सॉफ्ट संरचना एक महत्वूर्ण विकल्प है. हाल ही में चलाए गये जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा जिले में रिचार्ज सॉफ्ट संरचना के क्रियान्वयन पर जोर देते हुए इसे अमलीजाा पहनाने हेतु निर्देशित भी किया गया. परन्तु इसका कितना पालन हो पा रहा है इसकी मॉनिटरिंग जरुरी है. इस तरह रिचार्ज सॉफ्ट संरचना बेहद जरुरी है तभी तभी नलकूपों में पानी ठहर पाएगा. मालवा क्षेत्र सहित जिले में 40 से 50 फीट नीचे जमीन में गहरी चट्ठाने है, जिसके कारण बारिश का पानी गहराई तक नहीं पहुंच पाता है. बारिश के पानी को जमीन की गहराई तक संवर्धन करने हेतु एकमात्र रिचार्ज सॉफ्ट संरचना है. बारिश का पानी संवर्धन होगा तो ग्रीष्मकाल में निर्मित होने वाली जल संकट की स्थिति से काफी राहत मिल सकेगी.

**21 अगस्त 2026 तक बारिश के आंकड़े**

| | |
|---|---|
| जीरापुर | 929 |
| खिलचीपुर | 939 |
| राजगढ़ | 699 |
| ब्यावरा | 682 |
| नरसिंहगढ़ | 337 |
| सारंगपुर | 781 |
| पचोर | 866 |

**जिले की कुल औसत वर्षा 748 मिमी दर्ज की गई.**

# रेशम केन्द्र की भूमि पर बना दिया कॉलोनी का रास्ता

## पटवारी ने तथ्य किया सार्वजनिक, जांच के घेरे में

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 23 अगस्त, सं.** कॉलोनी में अधिकाधिक भूभाग पर प्लॉट बेचकर लाभ कमाने के चक्कर में रेशम केन्द्र की शासकीय भूमि पर ही कॉलोनी का रास्ता बना दिया. नगर में कॉलोनियों के विकास और उनकी अनुमति को लेकर जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल उठ रहे हैं. अब आगर रोड स्थित वार्ड क्रमांक 18 की आनंद विहार कॉलोनी को लेकर ऐसा ही गंभीर मामला सामने आया है.

आरोप है कि कॉलोनाइजर ने कॉलोनी तक पहुंचने के लिए रेशम विभाग की शासकीय जमीन से ही रास्ता निकाल दिया, जबकि बाजार मूल्य के हिसाब से यह जमीन लाखों रुपए कीमती बताई जा रही है. मामला सामने आने के बाद सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि यदि शासकीय जमीन का उपयोग रास्ते के लिए किया गया है तो इसकी अनुमति किस विभाग ने दी और किस आधार पर दी?

**पटवारी ने साफ कहा— जमीन रेशम विभाग की**- मामले में जब पटवारी राधेश्याम भिलाला से जानकारी ली गई तो उन्होंने स्पष्ट




बताया कि कॉलोनी का रास्ता निजी जमीन पर नहीं है. जिस जमीन से कॉलोनाइजर ने रास्ता निकाला है, वह रेशम विभाग की जमीन है. पटवारी के इस बयान के बाद मामला और गंभीर हो गया है. अब यह जांच का विषय है कि शासकीय भूमि से रास्ता निकालने के लिए कॉलोनाइजर ने संबंधित विभाग से विधिवत अनुमति ली थी या नहीं. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शासकीय जमीन से रास्ता निकाला गया है तो पूरे मामले की राजस्व विभाग और संबंधित विभाग द्वारा मौके पर जांच की जानी चाहिए. मामले को लेकर तहसीलदार कपिल शर्मा से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि पटवारी को भेजकर जांच करवाता हूं.

# नागरिकों की मांग, करनवास के रेल्वे गेट का शेड्यूल तय हो

## मामला करनवास रेल्वे फाटक के घंटों तक ऑफ रहने का




नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/करनवास 23 अगस्त, सं. करनवास कस्बे के लोग जहां हाईवे पर दुर्घटनाओं को लेकर परेशान है वहीं रेल यातायात से भी नई परेशानी सामने आ गई है. यहां गांव से हाईवे की ओर जाने पर रेल्वे क्रॉसिंग से गुजरना पड़ता है. लेकिन कामकाज के समय करीब आधे घंटे से ज्यादा यह रेल्वे फाटक बंद रहता है. इसका कारण उदनखेड़ी और सिंदूरिया से क्रॉस होने वाली ट्रैनें है. नागरिक करीब आधे घंटे से ज्यादा समय तक ट्रैनों के गुजरने का इंतजार करते रहते है.**

बीते दिनों नवभारत ने अपने 10 अगस्त के संस्करण में मामले को प्रकाशित किया था. इस पर करीब दो सप्ताह का इंतजार करने के बाद नागरिकों ने रेल्वे विभाग से करनवास के रेल्वे फाटक का शेड्यूल तय करने की मांग की है. जानकारी के अनुसार ब्यावरा के समीप गुना की ओर सिंदूरिया और पचोर से आगे उदनखेड़ी इन दिनों ट्रैनों के लिए आउटर का काम कर रहे है. इंदौर और उज्जैन की ओर से आने वाली ट्रैनें जैसे ही उदनखेड़ी क्रॉस करती है 25 किमी दूर करनवास गांव का रेल्वे फाटक बंद कर दिया जाता है जबकि ट्रैन पचोर में रूकती है. इसी प्रकार सिंदूरिया से क्रॉस होने पर भी करनवास का रेल्वे फाटक बंद कर दिया जाता है. जबकि बीच में ब्यावरा स्टेशन बड़ा हॉल्ट पाईंट है. समस्या यह है कि दोनों स्टेशन करनवास से करीब 25 किमी दूर है और यहां आसपास दो बडे स्टेशन है. लेकिन बेवजह करनवास का रेल्वे फाटक समय पूर्व बंद कर दिया जाता है. नागरिकों के अनुसार ब्यावरा और पचोर से ट्रेनों के छूटने पर गेट बंद करना स्वाभाविक और व्यवहारिक है लेकिन लंबे समय तक परेशानी उन्हें झेलना पड़ रही है.

### हाईवे के बाद अब रेल्वे फाटक बना परेशानी

करनवास के रहवासी पहले से ही हाईवे पर दुर्घटनाओं से परेशान है. अब ऐसे में रेल्वे फाटक एक नई समस्या बनकर सामने आ गया है. यहां भविष्य को देखते हुए अण्डरपास का निर्माण किया जाना चाहिए जिससे कि आवागमन और सुरक्षित समपार हो सके. कस्बे की आबादी लगातार बढ़ रही है और ऐसे में यातायात का दबाव भी आने वाले दिनों में बढ़ना तय है.

### लंबित प्रकरणों एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की हुई समीक्षा

**राजगढ़ 23 अगस्त, का.** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन के क्रम में शनिवार को संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) हृदयेश श्रीवास्तव द्वारा जनपद पंचायत खिलचीपुर की ग्राम पंचायत शेरपुरा, अभयपुर एवं लक्ष्मणपुरा का शासकीय भ्रमण किया गया. भ्रमण के दौरान ग विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लंबित सी.एम. हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की गई.

# राज्यमंत्री ने दी 8 लाख के ओपन जिम की सौगात


नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 23 अगस्त, का.** रविवार को विधानसभा ब्यावरा की राजन सिटी में क्षेत्रवासियों को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली के लिए नई सुविधा की सौगात मिली. लगभग 8 लाख रुपए की लागत से निर्मित ओपन जिम उपकरण एवं आवश्यक सामग्री का प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने शुभारंभ किया. इस अवसर पर राज्यमंत्री



(स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए बेहतर खेल एवं व्यायाम सुविधाओं का विकास आवश्यक है. ओपन जिम की सुविधा से क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा नियमित व्यायाम के लिए प्रोत्साहन मिलेगा.

कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया. राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया.



### कुएं में गिरे हिरण का सफल रेस्क्यू, सुरक्षित जंगल में छोड़ा

**सारंगपुर 23 अगस्त, सं.** अंचल के एक गांव में खेत पर स्थित कुएं में हिरण के गिर जाने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा तत्काल संवेदनशीलता एवं तत्परता दिखाते हुए रेस्क्यू अभियान चलाया गया. थाना सारंगपुर पुलिस स्टाफ एवं स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से अथक प्रयास कर हिरण को सुरक्षित रूप से कुएं से बाहर निकाला गया. रेस्क्यू के बाद हिरण को सकुशल एवं स्वच्छंद विचरण के लिए जंगल में मुक्त कर दिया गया.

# नातरा विवाद में 50 लाख की मांग, टापरी में लगाई आग

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 23 अगस्त, का.** नातरा झगड़ा कुप्रथा के नाम पर अवैध वसूली और धमकी के तीन मामलों में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार आरोपियों ने दो मामलों में 50-50 लाख और एक मामले में 10 लाख रुपए की मांग की. राशि नहीं देने पर फसल काटकर नुकसान करने, मवेशियों की टापरी में आग लगाने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप हैं. गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया. पुलिस आरोपियों को पैदल जेल तक ले गई.

कार्रवाई कोतवाली थाना प्रभारी मंजू मखेनिया, उपनिरीक्षक सुभाष द्विवेदी सहित कोतवाली टीम के नेतृत्व में की गई.

### झालावाड़ जिले का आरोपी गिरफ्तार

बल बहादुरपुरा निवासी राजेंद्रसिंह गुर्जर ने 15 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी. उसके रिश्तेदार रामजीवन गुर्जर ने गुराड़खेड़ा की दीपू बाई से आपसी सहमति से शादी की थी. दीपू बाई के पूर्व पति रामचरण गुर्जर और उसके परिजन 50 लाख रुपए मांग रहे थे. राशि नहीं देने पर खेत में मक्का की फसल काटकर नुकसान किया.

# क्लब ग्राउंड के पीछे से सुठालिया रोड और मन्नत सिटी को जोड़ेगी सड़क

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 23 अगस्त, का.** नगर विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए ब्यावरा नगर के वार्ड क्रमांक 10 में सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया. भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह द्वारा किया गया. यह सड़क क्लब ग्राउंड के पीछे से सुठालिया रोड और मन्नत सिटी को जोड़ने का कार्य करेगी, जिससे क्षेत्र के



नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और आसपास के क्षेत्रों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी स्थापित होगी. भूमि पूजन के अवसर पर वार्ड पार्षद इकबाल हुसैन, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अजय ठाकुर, सूरज दांगी, नीरज शर्मा सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे. इस अवसर पर पवन कुशवाह ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का विस्तार और बेहतर सड़क कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना प्राथमिकता है. सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ ही आसपास के रहवासी क्षेत्रों को भी इसका लाभ मिलेगा. नगर विकास के क्रम में किए जा रहे इन कार्यों से ब्यावरा में आधारभूत सुविधाओं को और मजबूती मिलेगी.

### रुणिचा धाम जा रहे श्रद्धालुओं को कराया भोजन

**बोड़ा 23 अगस्त, सं.** बाबा रामदेव सेवा समिति की ओर से रुणिचा धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया. करीब 30 श्रद्धालुओं का जत्था हाथों में निशान लेकर 800 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर बाबा रामदेवरा रुणिचा धाम के लिए रवाना हुआ. गांव से गुजरने के दौरान बाबा रामदेव सेवा समिति के सदस्यों ने पदयात्रियों को भोजन प्रसादी कराई.

**विरोध** ▶ मामला सांदीपनी स्कूलों में अटैच बसों के नियमित भुगतान का, 26 से बंद हो सकती है बसें

# 5 महीने से भुगतान नहीं हुआ, हड़ताल करेंगे बस संचालक

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 23 अगस्त, का. शहर से करीब 2 किमी दूर संकट मोचन बल्डी के जंगली क्षेत्र में संचालित शासकीय सांदिपनि स्कूल की 12 बसों का अप्रैल से अगस्त तक पांच महीने का भुगतान अटक गया है. बस संचालकों ने अब 26 अगस्त तक बकाया राशि का पूरा भुगतान नहीं होने पर सभी बसों का संचालन बंद करने की चेतावनी दी है.**

बसें बंद होने की स्थिति में स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों के सामने आवागमन की परेशानी खड़ी हो सकती है. बस मालिकों ने 22 अगस्त को बस ट्रांसपोर्टेशन एजेंसी के प्रबंधक को पत्र देकर भुगतान की मांग की है. इससे पहले




भी 9 जून को आवेदन दिया था, लेकिन पत्र के अनुसार 22 अगस्त तक समस्या का निराकरण नहीं हुआ. डीजल और किस्त जमा करने में परेशानी बस मालिकों ने पत्र में बताया कि समाया बस ट्रांसपोर्टेशन प्राइवेट लिमिटेड, भोपाल और बस मालिकों के बीच अनुबंध के अनुसार वे पिछले दो वर्षों से सांदिपनि विद्यालय की बस सेवा संचालित कर रहे हैं। इसके बदले मिलने वाली राशि अप्रैल, मई, जून, जुलाई और अगस्त की बकाया है.

भुगतान नहीं होने से बस मालिकों को डीजल का खर्च उठाने और बसों की मासिक किस्त जमा करने में आर्थिक कठिनाई आ रही है. बस मालिकों ने पत्र में इसे अंतिम चेतावनी बताते हुए 26 अगस्त तक पूरी बकाया राशि का भुगतान करने की मांग की है. साथ ही कहा है कि भुगतान नहीं होने पर 26 अगस्त से विद्यालय की सभी बसों का संचालन बंद कर दिया जाएगा. पत्र पर 12 बस मालिकों के नाम, वाहन नंबर और हस्ताक्षर दर्ज हैं.

### पहले 9 जून को भी दिया था आवेदन

बस मालिकों के अनुसार बकाया भुगतान को लेकर 9 जून को भी आवेदन दिया गया था. इसके बाद भी 22 अगस्त तक भुगतान नहीं होने से अब दोबारा पत्र देकर समयसीमा तय की गई है. पत्र में कहा गया है कि बसों का संचालन बंद होने से विद्यार्थियों को होने वाली परेशानी की जिम्मेदारी संबंधित पक्ष की होगी.

# असामाजिक कृत्य से नाम जोड़ने पर भीम आर्मी ने खण्डन किया

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 23 अगस्त, सं.** बीते 21 अगस्त को सोशल मीडिया में प्रकाशित खबर में भैरू महाराज एवं काला-गोरा महाराज की मूर्तियां खंडित करने के आरोप में बल्लू पिता फकीरचंद वंशकार नामक युवक को हिरासत में लिया गया है. कथित तौर पर युवक का नाम भीम आर्मी से जुड़े होने की बात पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन इकाई जिला राजगढ़ ने थाना प्रभारी को पत्र सौंपते हुए मामले का खण्डन किया है. पत्र में उन्होंने कहा कि भीम आर्मी एक सामाजिक समरसता वाला, संविधान में आस्था रखने वाला पंजीकृत सामाजिक संगठन है. संगठन बाबा साहेब डॉ. भीमराव



अंबेडकर के विचारों पर चलता है और किसी भी धर्म, जाति, देवी-देवता के खिलाफ उद्दण्डता, मूर्ति खंडन जैसी गतिविधियों का समर्थन नहीं करता. आरोपी के कृत्य से भीम आर्मी का कोई लेना-देना नहीं है. मामले में कथित रूप से नाम जोड़ने वालों के विरूद्ध विधि सम्मत संज्ञान लेने की मांग की गई है. इस दौरान अंकित, दीपक वाल्मीकि, दीपक, शुभम, अरविन्द, संदीप आदि मौजूद रहे.